20 OCT 3 2026.qxd 19-10-2026 22:40 Page 1

महानवमीपर घर, मठ-मंदिरोंमें पूजी गयीं कन्याएं, उतारी आरती

**श्रद्धालु, साधु-संतोंने कन्याओंको कराया भोजन एवं बांटे उपहार
मां अलोपशंकरी, ललिता देवी एवं कल्याणी देवी मंदिरमें मांके सिद्धदात्री स्वरूपका दर्शन**

शारदीय नवरात्र की महानवमी पर देवी मंदिरों में भक्तों ने मां के नौंवे स्वरूप मां सिद्धदात्री का पूजन अर्चन किया। वहीं घरों, मठ एवं मंदिरों में नौ कन्याओं के पांव पखारकर आशीर्वाद मा-ंगा। श्रद्धालुओं के साथ-साथ साधु-संतों ने कन्याओं को भोजन कराया, आरती उतारी और फिर उपहार देकर विदा किया। सिद्धपीठ मंदिर अलोपशंकरी, मां कल्याणी देवी एवं मां ललिता देवी, मां खेमा माई सहित सभी देवी मंदिरों में मां के भव्य श्रृंगार दर्शन के लिए श्रद्धालु देर रात तक परिसर में डटे रहे। सुबह से दोपहर तक मां का पूजन करने के लिए श्रद्धालु थाल सजाकर लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।

अलोपशंकरी मंदिर में सुबह से दोपहर तक पूजा की थाली सजाकर श्रद्धालु कतार में लगे रहे। बीच-बीच में मां का जयकारा भी लगता रहा। मंदिर परिसर में कन्याओं का पांव पखारा, पूजन किया और उन्हें दही जलेबी खिलाकर उपहार दिये। इसी तरह मां कल्याणी देवी के मंदिर धाम में नवरात्रि महोत्सव के महानवमी पर्व पर भक्तों की उमड़ी भीड़ जो सुबह से देर रात्रि तक मां के दर्शन पू-जन के लिए लगी रही। प्रातः साढ़े पांच बजे महामंत्री पंडित श्याम जी पाठक ने मां कल्याणी की मंगला आरती पूजन किया। जिसके बाद भक्तों को पट खोल दिया गया। भक्तो ने मां को हलुआ, पूड़ी, पुष्प, नारियलएवं चुनरी चढ़ाएंस। इसके बाद अध्यक्ष पंडित सुशील पाठक ने कुंवारी कन्याओं का पूजन किया और उन्हें भोजन कराया और विदाई की गई। मां सिद्धिदात्री की आराधना पूजन कर दोपहर दो बजे शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति की गई और बच्चों का मुंडन एवं कर्णछेदन संस्कार किया गया। विशाल भंडारे प्रसाद वितरण किया जो देर रात्रि तक चलता रहा। शाम सात बजे भगवती सिद्धिदात्री स्वरूपा मां कल्याणी की महाआरती हुई एवं महानवमी के पर्व पर मां कल्याणी कमलपुष्प पर आसीन अपने हाथों में शंख, चक्र, गदा एवं पुष्प धारण कर भगवती सिद्धिदात्री के स्वरूप में भक्तों को अपने दिव्य दर्शन दिए । माँ का गर्भगृह दरबार श्रृंगार सोने, जड़ाऊ आभूषणों एवं अनेक पुष्पों से सुसज्जित रहा। इस मौके पर नारी शक्ति वंदन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्याय-मूर्ति सुनीता गुप्ता (उच्चतम न्यायालय) कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद उज्जवल रमण सिंह, महापौर, जिलाधिकारी मनीष वर्मा, नगर आयुक्त साईं तेजा, विजय मिश्रा आदि ने मां का दर्शन पूजन किया। मेले की व्यवस्था में राजेश केसरवानी अनिल पाठक कृष्ण कुमार पाठक दिलीप पाठक, राजेन्द्र केसरवानी मुकेश विमल धर्मेन्द्र राहुल आदि ने संभालें रखा। इसी क्रम में मीरा-पुर स्थित प्राचीन राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी सिद्धपीठ माँ ललिता देवी मंदिर में माँ सिद्धिदात्री का बहुरंगी फूलों से दिव्य महाश्रृंगार किया गया। गुलाब, गेंदा, बेला, रजनीगंधा, गुड़हल और गुलदाउदी के हजारों फूलों से माँ का भव्य दरबार सजाया गया। बहुरंगी फूलों से महाश्रृंगार देख भक्त भाव-विभोर हो गए। ब्रह्म मुहूर्त में मंगला आरती के साथ मंदिर के पट खुले। दिन भर नारियल-चुनरी चढ़ाने और मुंडन संस्कार के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस मौके पर महेन्द्र मालवीय, उमेश मिश्रा, गिरिशंकर प्रभाकर, संजय उपाध्याय, प्रमोद अरोरा, दिलीप केशरी, अनूप केशरवानी, हरीश खरे, कमलेश, अंकित, बृजमोहन शुक्ला आदि मौजूद रहे।



मां अलोपशंकरी मंदिरमें हवन करते श्रद्धालु।



चयनकी वेदी पर व्यक्तिगत पहचान नहीं, केवल पात्रताकी गूंजको मान्यता मिले- न्यायमूर्ति विक्रम नाथ

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने सोमवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परिसर में 'स्वामी विवेकानन्द की विशाल प्रतिमा' का अनावरण और नवनिर्मित 'आदित्य पतंजलि योगपीठम' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चयन की वेदी पर व्यक्तिगत पहचान नहीं, केवल पात्रता की गूंज को मान्यता मिलनी चाहिए। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के इतिहास में आज एक गौरवशाली अध्याय जुड़ गया है। आयोग परिसर में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ का आगमन हुआ। आयोग के पूरे इतिहास में यह पहला मौका है जब देश की शीर्ष अदालत के किसी सेवारत न्यायमूर्ति ने परिसर का आधिकारिक दौरा किया है।इस दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने परिसर में नवनिर्मित 'आदित्य पतंजलि योगपीठम' का भव्य उद्घाटन किया और वहां स्थापित 'स्वामी विवेकानन्द की विशाल प्रतिमा' का अनावरण किया। योग और आध्यात्मिक प्रेरणा के एक जीवंत केंद्र के रूप में विकसित इस स्थल पर सूर्य नमस्कार की विभिन्न भंगिमाओं को दर्शाया गया है। साथ ही, भारत के नोबेल पुरस्कार विजेताओं के गौरवपूर्ण योगदान को भी यहां प्रदर्शित किया गया है, जो युवाओं में राष्ट्र के बौद्धिक वैभव की अलख जगाएगा।न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में आयोग से जुड़ी अपनी अतीत की स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने 'कल्पवृक्ष संग्रहालय' की बनावट, उसमें संग्रहीत कृतियों की कलात्मकता, आयोग के हरे-भरे परिसर और यहां की पारदर्शी चयन प्रणाली की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आयोग पूरी निष्पक्षता से अपना कार्य संपादित कर सके, इसके लिए भारतीय संविधान के अंतर्गत अनुच्छेद ३१५ से ३२३ तक व्यापक व सुदृढ़ प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि 'न्यायालय में प्रभाव या सत्ता नहीं, साक्ष्य और तर्क बोलते हैं। ठीक उसी प्रकार भर्ती में अनुग्रह या पहचान नहीं, केवल पात्रता बोलती है। यह अकाट्य सत्य है कि न्याय का सिंहासन हो या चयन की वेदी, वहां किसी की व्यक्तिगत पहचान को नहीं, बल्कि केवल पात्रता की गूंज को मान्यता मिलनी चाहिए।इसके पूर्व आयोग के चेयरमैन ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति अशोक भूषण,उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी, अजीत सिंह,राजीव लोचन मेहरोत्रा व अन्य न्यायमूर्तिगण उपस्थित रहे।



सुप्रीम कोर्टके न्यायमूर्तिने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमाका अनावरण एवं आदित्य पतंजलि योगपीठमका किया उद्घाटन

इनके अतिरिक्त उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता, अपर शासकीय महाधिवक्ता, आयोग के सदस्य, पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी एवं जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारा तथा आयोग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

अधिवक्ता सतीश हत्याकांडमें एक और वीडियो आया सामने

वीडियोमें मारपीट एवं पुलिसकर्मियोंकी दिखी मौ-जूदगी, फरार आरोपितोंकी तलाशमें दबिश

कर्नलगंज के सलोरी स्थित काटजू बाग कालोनी में ५२ वर्षीय अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की हत्या के मामले में एक और वीडियो सोशलमीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो ५९ सेकेंड का है। वीडियो वारदात के समय का बताया जा रहा है। इसमें सतीश चंद्र और मुख्य आरोपित देवेंद्र नाथ मिश्रा के बीच मारपीट होती दिख रही है। इसी दौरान रि-वाल्वर से फायर होता है और गोली सीधे वकील सतीश के पेट में लगती है और वह जमीन पर गिर पड़ते हैं। वायरल वीडियो में कुछ और लोग भी मारपीट करते दिख रहे हैं।

अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की जमीन के विवाद में १५ अक्टूबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुख्य आरोपित अपर शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र नाथ मिश्रा और उसके बेटे नृपेंद्र को कर्नलगंज पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

जबकि दूसरा बेटा अमरेंद्र नाथ मिश्रा और पत्नी शैल मिश्रा फरार हैं। वहीं, दस अज्ञात हमलावरों की पुलिस पहचान की कोशिश कर रही है। घटना के दूसरे दिन इंटरनेट मीडिया पर घटना का एक वीडियो जारी हुआ। इसके बाद फिर दूसरा और अब तीसरा वीडियो सामने आया है। इसमें सतीश चंद्र और मुख्य आरोपित देवेंद्र नाथ मिश्रा के बीच मारपीट होती दिख रही है। वहीं पर नौ-दस लोग चेहरे को ढककर घर में घुसते नजर आते हैं। पुलिसकर्मी भी खड़े दिखते हैं। लोग लाठी-डंडों से हमला करने के साथ एक-दूसरे को धक्का देते दिख रहे हैं। लगातार सामने आ रहे इन वीडियो को लेकर पुलिस सचेत हो गई है। उसने भी सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व वीडियो को सबूत के तौर पर एकत्र करना शुरू कर दिया है। साथ ही फरार आरोपितों की तलाश में जगह-जगह दबिश दी जा रही है।

मकान बंटवारेके विवादमें महिलासे मारपीट

करेली के पुरा मनोहरदास मोहल्ले में मकान के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक महिला को मारपीट कर घायल करने का आरोप लगा है। पी-ड़ित के पति मोहम्मद शाहबाज खान की तहरीर पर करेली पुलिस ने तीन महिलाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।मोहम्मद शाहबाज खान के मुताबिक, १८ सितंबर की रात उनका बेटा मोहम्मद हमजा घर के बाहर खाना खाने के बाद टहल रहा था।

इसी दौरान मकान के बंटवारे के विवाद में उनकी बहन शकीला, फौजिया उर्फ बेबी और भांजी आयशा पहुंच गईं। आरोप है कि तीनों ने गालीगलौज करते हुए उनकी पत्नी के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गईं। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घर-मंदिरोंमें डाली आहुतियां, नवरात्र व्रतका समापन

नवरात्र के नौ दिन व्रत रखने वाले या अन्य लोगों ने घर एवं मंदिरों में हवन कुंड स्थापित कर आहुतियां डालकर नवरात्र का समान किया। भक्तों ने घर में ही साफ सुथरी जगह पर हवन कुंड स्थापित किया। वहीं मंदिरों में स्थापित हवन कुंड में जलाई गयी पवित्र अग्नि को देवताओं का मुख माननकर मंत्रों के साथ 'स्वाहा' बोलकर आहुतियां (घी, जौ, तिल, हवन सामग्री आदि) डाली। नौ दिनों तक चली साधना, जप, तप और उपवास के बाद हवन कर अपनी आराधना पूरी निष्ठा से देवी को समर्पित कर दी। हवन में शुद्ध घी, कपूर, गूगल, लोबान और विभिन्न औषधीय सामग्रियों की आहुति देकर घर का वातावरण शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह किया।

श्री महंत यमुनापुरी एवं बलवीर गिरिने किया कन्या पूजन

दारागंज स्थित श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के मुख्यालय में जहां श्री महंत यमुनापुरी महाराज ने कन्याओं का पूजन किया। वहीं श्री मठ बाघंबरी गद्दी में श्री महंत बलवीर गिरी ने कन्याओं के चरण पखार कर आशीर्वाद लिया।



सर्वप्रथम यमुनापुरी महाराज ने नौ कन्याओं के पांव पखारे। उन्हें गंदा के फूलो की माला पहनाकर पूजन किया। जिसके बाद कन्याओं को चुनरी ओढ़ाई और फिर अपने हाथों से भोजन कराकर उपहार देकर विदा किया। इस दौरान पूरे महानिर्वाणी परिसर में उत्साह का माहौल छाया रहा। इसी तरह शारदीय नवरात्र की महानवमी श्री मठ बाघंबरी गद्दी में मां बागेश्वरी देवी का विशेष अभिषेक, श्रृंगार और आरती की गई। मठ के महंत बलबीर गिरि महाराज ने देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन किया और अपने हाथों से उनके चरण पखारे। कन्या पू-जन के बाद कन्याओं को विधिवत भोजन कराया गया। इसके उपरांत उन्हें दक्षिणा और उपहार देकर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। मठ में पूरे दिन भक्तिमय वातावरण रहा और श्रद्धालुओं ने मां बागेश्वरी की पूजा-अर्चना कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।महंत बलबीर गिरि जी महाराज ने कहा कि नवरात्र की महानवमी पर मठ में विशेष पूजा-अर्चना की गई। उन्होंने मां बागेश्वरी से सभी भक्तों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की।

दुर्गा पूजा पण्डालोंमें देर रात तक मांके दिव्य दर्शनके लिए जुटे भक्त

सुबह संधिपूजा, पुष्पाजंलि, चंडीपाठ एवं बांटा प्रसाद

शहर के दर्जनभर पूजा पंडालों में दुर्गा पूजा महोत्सव के चौथे दिन बारवारियों ने महानवमी धूमधाम से मनायी। अष्टमी एवं नवमी की संयुक्त तिथि होने के कारण सोमवार सुबह भी संधि पू-जा कर मां चामुंडा स्वरूप का दर्शन किया। मां के दिव्य दर्शन के लिए देर रात तक बारवारी दुर्गा पूजा पण्डालों में श्रद्धालु उमड़े रहे।

सर्व प्रथम संधि पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान मां दुर्गा के समक्ष १०८ दीपक जलाये और उन्हें १०८ कमल के फूल (या लाल फूल) तथा १०८ बिल्वपत्र (बेलपत्र) अर्पित किये। साथ ही इस दौरान मां से सुख-समृद्धि, संकटों से मुक्ति और पारिवारिक खुशहाली की कामना की। कर्नलगंज, टैगोर टाउन, दरभंगा, अशोक नगर, बाई का बाग, नेतानगर, कटघर, एलनगंज एवं शास्त्रीनगर सहित अन्य पंडालों में मां दुर्गा का जागृत किया गया। जिसके बाद पुष्पाजंलि, चंडी पाठ एवं मां को खिचड़ी का भोग लगाया गया। शाम को संध्या आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। बता दें कि षष्ठी तिथि पर शुक्रवार को मां भगवती का आह्वान, अधिवास (घट स्थापना) एवं मां की भुजाओं में शंख, गदा, तलवार, चक्र एवं त्रिशूल और आभूषण पहनाये गये। रात में पण्डालों में बने मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जीटीबी नगर सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के पण्डाल में मां दुर्गा का भव्य श्रृंगार, एवं संधि पूजा का विशेष आकर्षण रहा। कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप दत्ता एवं महासचिव रजत घोष ने बताया कि कार्यक्रमों के तहत सुबह ७:२६ बजे से ८:१४ बजे तक संधि पूजा और पुष्पांजलि हुआ।, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल हुये। पंडाल को बहुरंगी फूलों और लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया। कमेटी के प्रकाशन सचिव सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि कल २० अवतूबर की सुबह ८ बजे पूजा एवं पुष्पांजलि, ९ बजे प्रसाद वितरण और दोपहर २ बजे भोग वितरण किया जाएगा। इस मौके पर कोषाध्यक्ष संदीप बछार, हेमंत बनर्जी, प्रशान्त ब्यास, दी-पक चौधरी, आरके खन्ना, ओपी श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



कल होंगी मां दुर्गाकी प्रतिमाएं विसर्जित

नगर की बारवारी दुर्गापूजा कमेटी की ओर से दुर्गा पण्डालों में षष्ठी पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन २१ अक्तूबर को किया जाय-गा। विसर्जन झूंसी स्थित अंदावा तालाब में किया जायेगा। प्रशासन की ओर से वहां पर तैयारी की जा रही है। वहीं बताया जा रहा है कि वहीं नगर में नौ दिनों तक कुछ पण्डालों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाएं २० अक्तूबर को विसर्जित की जा सकती है।

७० प्रतिशत वोट नहीं पड़े तो श्रीकृष्णपुरी फिरसे कसारी-मसारी कहलायेगा- सिद्धार्थनाथ

भाजपा विधायकका दुर्गा पूजा पण्डालमें दिये बयानका वीडियो वायरल

प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में विधायक सिद्धार्थनाथ ने दुर्गापूजा पण्डाल में लोगों से विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

शहर पश्चिमी के विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह अपने क्षेत्र में दुर्गा पू-जा पण्डाल में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। जिसका वीडियो वायरल हो गया है। इस वीडियो में सिद्धार्थनाथ सिंह कहते सुनाई दे रहे हैं कि शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं के १ लाख २१ हजार वोट हैं। इसके बाद वह बाकी मतदाताओं की संख्या २ लाख ४० हजार बताते हैं।

वह कहते हैं कि विधानसभा चुनाव में अगर हमारे ७० से ८० फीसदी लोग भाजपा के पक्ष में वोट नहीं डालेंगे, तो श्रीकृष्ण पुरी फिर से कसारी-मसारी कहलाने लगेगा।उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर कसारी-मसा-री को दोबारा उसी नाम से पुकारे जाने से रोकना है, तो ७० से ८० फीसदी लोगों को मतदान करना होगा।उनके इस बयान को विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को लामबंद करने की अपील के तौर पर देखा जा रहा है।

इस बारें में विधायक सिद्धार्थनाथ का कहना है कि अपने पार्टी के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करना कोई गलत बात नही है।दरअसल, मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ ने १५ अक्टूबर २०२६ को प्रयागराज के कसारी-मसारी का नाम बदलकर श्री कृष्ण पुरी करने का ऐलान किया था। यह घोषणा पूर्व कैबिनेट मंत्री और शहर पश्चिमी के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह की मांग पर की गई थी। अब दुर्गा पूजा पंडाल में दिए गए उनके बयान में इसी नाम परिवर्तन का जिक्र सामने आया है।

शिवशक्ति सेना आज करेगी शस्त्र पूजन

शिवशक्ति सेना की ओर से विजयदशमी पर २० अक्टूबर को शस्त्र पूजन का आयोजन किया जाएगा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की सवारी सुबह १० बजे प्राचीन गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर जड़ियन टोला, एससी बासु रोड और अग्रसेन चौराहा होते हुए दोप-हर एक बजे स्वरूपरानी पार्क पहु-ंचेगी। यहां वेद मंत्रों के बीच सेना प्रमुख अजय गुप्ता, राष्ट्रीय महा-सचिव दिनेश सिंह राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी शस्त्र पूजन संपन्न कराएंगे। यह जानकारी केंद्रीय संगठन मंत्री सुधीर जैन ने दी।

अंतरराज्यीय गोवंश तस्करी गिरोहका भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

सरायइनायतसे पिकअपमें लादकर गोवंशोंको ले जा रहे थे मप्र, दोकी तलाश

कीडगंज पुलिस ने अंतरराज्यीय गोवंश तस्करी रैकेट का सोमवार को खुलासा किया है। विहिप गोरक्षा के कार्यकर्ताओं ने गोवंश लदे पिकअप को परेड ग्राउंड पर जगन्नाथ मंदिर के पास पकड़ा। उसमें चार गोवंश लदे थे, जिन्हें रस्सियों से बांधा गया था। मौके पर पहुंची कीडगंज पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पू-छताछ में पता चला कि तीनों जिले के साथ ही मप्र तक गोवंश की तस्करी करते हैं।

विहिप गोरक्षा के प्रांत मंत्री लालमनि तिवारी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब पांच बजे खबर मिली कि कुछ लोग पिकअप पर गोवंश लादकर सरायइनायत से निकले हैं। जिस पर कार्यकर्ताओं के साथ परेड ग्राउंड स्थित जगन्नाथ मंदिर के पास पहुंचे। लगभग एक घंटे बाद एक पिकअप आई, जिसे रोका गया। उसमें सवार तीनों लोग उतरकर भागने लगे, जिस पर सभी को दौड़ाकर पकड़ लिया गया। वाहन के डाले को पालिथिन से ढका गया था। पालिथिन हटाई गई तो उसमें चार गोवंश लदे मिले। खबर पाकर कीडगंज पुलिस मौके पर पहु-ंची और तीनों तस्करों को थाने ले आई। पुलिस के अनुसार तस्करों में तौफीक, मो. सद्दाम और अमजद पहलवान हैं, जो सरायइनायत क्षेत्र के रहने वाले हैं। पूछताछ में तीनों ने दो और साथियों के नाम बताए हैं। साथ ही यह भी बताया कि गोवंशों को सरायइनायत से मप्र के रीवा जिले में ले जा रहे थे। वह लंबे समय से यह काम कर रहे हैं। एसीपी कर्नलगंज विवेक कुमार यादव ने बताया कि गोवध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सुसाइड नोट गायब करनेके आरोपमें दरोगापर एफआईआर

चार साल पुराने पतिकी आत्महत्याके मामलेमें पत्नीने की शिकायत, विवेचकपर साक्ष्य गायब करनेका आरोप

नैनी में पति की आत्महत्या के मामले में सुसाइड नोट की मूल प्रति गायब करने के आरोप में तत्कालीन विवेचक दरोगा यश करन सिंह यादव के खिलाफ नैनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मृतक की पत्नी सुनी-ता मिश्रा ने पुलिस आयुक्त से शिकायत कर विवेचक पर साक्ष्य गायब करने का आरोप लगाया था। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर नैनी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

नैनी संवाददाता से मिली जानकारी के अनुसार नैनी के जवाहर नगर निवासी सुनीता मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति सुंदर मिश्रा ने स्वजन की प्रताड़ना से दुखी होकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में १९ फरवरी २०२२ को नैनी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि मामले की विवेचना के दौरान तत्कालीन विवेचक यश करन सिंह यादव ने उनके पति द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट की मूल प्रति गायब कर दी।

सुनीता ने शिकायत में बताया कि इस संबंध में पुलिस अधीक्षक यमुनापार की ओर से साक्ष्य गायब करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन विभागीय जांच के बाद भी कोई कारवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस आयुक्त से शिकायत कर संबंधित विवेचक को सेवा से बर्खास्त करने और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। शिकायत पर पुलिस अधिकारियों ने काररवाई के निर्देश दिए। इसके बाद १८ अक्टूबर को नैनी थाना प्रभारी को अभियोग पंजीकृत करने का आदेश दिया गया। पुलिसअब इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नैनी पुलिस का कहना है कि आरोपों की जांच के बाद आगे की काररवाई की जायेगी।

व्हाट्सएप हैक कर अधिवक्तासे हजारोंकी साइबर ठगी

साइबर ठगों ने करेली निवासी एक व्यक्ति का व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर उसके परिचित अधिवक्ता से ४१ हजार रुपये ठग लिए। ठगों ने परिचित की पत्नी की बीमारी का हवाला देकर रुपये मांगे थे। परिचित पर भरोसा कर अधिवक्ता ने बिना फोन पर बात किए सात बार में रकम ट्रांसफर कर दी। बाद में सच्चाई सामने आने पर ठगी का पता चला। पुलिस आयुक्त के आदेश पर खुल्दाबाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।अधिवक्ता के मुताबिक, २५ अगस्त को वह हाईकोर्ट में थे। इसी दौरान उनके परिचित के व्हाट्सएप नंबर से मैसेज आया कि उन्हें

शातिरने मित्रकी पत्नीकी बीमारीका हवाला देकर मांगे रुपये

४६ हजार रुपये की सख्त जरूरत है। मैसेज में यूपीआई काम नहीं करने की बात कहते हुए रुपये भेजने के लिए कई नंबर और बारकोड भी भेजे गए थे। परिचित की पत्नी की बीमारी की जानकारी होने और काम में व्यस्त रहने के कारण अधिवक्ता ने मैसेज पर भरोसा कर लिया। उन्होंने बिना फोन पर पुष्टि किए सात ट्रांजेक्शन में कुल ४१ हजार रुपये भेज दिए। अधिवक्ता ने परिचित को फोन कर उनकी पत्नी का हालचाल पूछा और रुपये भेजने की जानकारी दी तो ठगी का पता चला। परिचित ने बताया कि उनका व्हाट्सएप अकाउंट हैक हो गया था। उन्होंने न तो रुपये मांगे थे और न ही कोई बा-रकोड या नंबर भेजा था। इसके बाद अधिवक्ता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस आयुक्त के आदेश पर खुल्दाबाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।